RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

नवयुग समाचार

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

वर्ष-3 अंक-162
बहराइच,शनिवार
15 जून 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

केरल में संघ की वार्षिक समन्वय बैठक

भागवत-इंद्रेश कुमार बयान के बाद मतभेद के दावे सिरे से खारिज

नई दिल्ली । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय जनता पार्टी से मतभेद की खबरों के सिरे से खारिज किया है। सूत्रों का कहना है कि 31 अगस्त से केरल के पलक्कड़ में आर-एसएस, भाजपा और उनके सहयोगियों की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक शुरू होगी। बैठक में कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आ-रएसएस) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपने मतभेदों के दावों को सिरे से खारिज किया है। आरएसएस का कहना है कि इस तरह के दावे सिर्फ भ्रम पैदा करने के लिए किए जा रहे हैं। संघ के सूत्रों ने यह भी बताया कि केरल के पलक्कड़ में आरएसएस, भाजपा और उनके सहयोगियों की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 31 अगस्त से शुरू होगी।

बताया गया है कि संघ के अध्यक्ष समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल होंगे। संघ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भाजपा और आरएसएस के बीच किसी भी तरह का मनमुटाव नहीं है। बता दें कि इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने टिप्पणी की थी कि ह्यसच्चा सेवक सभी अहंकारी नहीं होता।ह्न इसके बाद से विपक्ष के नेताओं और कुछ लोगों ने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के संघ प्रमुख ने तल्ख संदेश दिया है। सूत्रों का कहना है कि भागवत के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। संघ प्रमुख की अहंकार वाली टिप्पणी प्रधानमंत्री या किसी भी भाजपा नेता के संदर्भ में नहीं थी। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के बाद अपनी पहली टिप्पणी में मणिपुर को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने मणिपुर के हालातों पर चिंता जताते हुए कहा था कि राज्य में संघर्ष को समाप्त करने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता है। इसके साथ ही भागवत ने यह भी कहा था ह्यएक सच्चा सेवक मयार्दा बनाए रखता है, वह काम करते समय मयार्दा का पालन करता है। उसमें अहंकार नहीं होता।ह्न हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किस पर निशाना साधा लेकिन इसके बाद आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के बयान से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। इंद्रेश कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था ह्यजो पार्टी राम की पूजा करती थी, वह अहंकारी हो गई। 2024 के चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बन तो गयी, लेकिन जो उसे सत्ता मिलनी चाहिए थी, उसे भगवान राम ने अहंकार के कारण रोक दिया। इस बीच आरएसएस के एक पदाधिकारी का कहना है कि यह इंद्रेश कुमार की निजी राय है।

पीएम मोदी-मेलोनी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

रक्षा औद्योगिक सहयोग के और अधिक विस्तार की जताई उम्मीद

वर्ल्ड डेस्क,बारी । इटली के पुगलिया में दक्षिणी इतालवी तटीय रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में इन दिनों जी7 देशों का शिखर सम्मेलन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां हैं। जी-7 शिख सम्मेलन के दूसरे दिन इटली पहुंचे पीएम मोदी ने वहां आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने शिखर सम्मेलन से इतर जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। गौरतलब है कि जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी के निमंत्रण पर पीएम मोदी शुक्रवार सुबह इटली पहुंचे थे। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। दोनों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के साथ ही इस साल के आखिर में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया। वार्ता के दौरान मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक को भी विकसित करेगा।

विदेश मंत्रालय ने बयान में यह भी बताया कि दोनों नेताओं ने नियमित रूप से होने वाली उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया। इस संदर्भ में, उन्होंने औद्योगिक संपत्ति अधिकारों पर हाल ही में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने का भी स्वागत किया। यह समझौका पेटेंट पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। इस दौरान पीएम मेलोनी ने प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पीएम को बधाई दी। पीएम मोदी ने जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के निमंत्रण के लिए पीएम मेलोनी को धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए उनकी सराहना व्यक्त की।

झारखंड में बड़ा हादसा: ट्रेन में आग की अफवाह पर कूदे कई यात्री, चार लोगों की मौत

रांची । झारखंड के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री कूद गए। जिस कारण वे एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। झारखंड के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री ट्रेन से कूद गए। इस वजह से कई यात्री एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद एबुलेंस भी घटना स्थल पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची तो ट्रेन में सवार किसी यात्री ने आग लगने की अफवाह फैला दी। इसके बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग डर के मारे ट्रेन से उतर भागने लगे। इस दौरान कुछ लोग विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस वजह से चार लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि, इस घटना में कितने लोग घायल हुए हैं? इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। इधर जैसे ही प्रशासन को इसकी सूचना मिली सभी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। घायलों को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे के बाद स्टेशन में मौजूद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। रेलवे अधिकारी इस ट्रेन दुर्घटना के बाद हरकत में आ गए और मौके पर रवाना हो गए। वहीं, रेलवे पुलिस द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की गई।

गर्मी से उबला पूरा प्रदेश

47 डिग्री तक पहुंचा पारा, इन जिलों के लिए जारी हुई लू और भीषण गर्मी की चेतावनी

लखनऊ आसमान से आग बरसाती धूप, चढ़ता हुआ पारा, झुलसा देने वाली लू से प्रदेश को फिलहाल राहत नहीं। शुक्रवार को भी प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी ऐसी ही गर्मी झेलनी होगी, मानसून भी अभी दूर है। शुक्रवार को प्रयागराज 46.9 डिग्री के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। कानपुर में बहुत मामूली सा बदलाव रहा, यहां पर तापमान 46.7 डिग्री और हमीरपुर 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहर लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं और मानसून के लिए भी अभी इंतजार करना होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 17 जून तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ एक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान के भी आसार जता रहा है मौसम विभाग। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री अधिक रहा। जबकि रात का पारा सामान्य से 6 डिग्री तक अधिक रहा। वाराणसी 45.9, बहराइच 45, सुल्तानपुर 45.4, फुरसतगंज 45.4, झांसी 45.6

यहां न्यूनतम तापमान 30 के ऊपर

हरदोई 32, कानपुर 34.4, इटावा 31.2, खीरी 31, वाराणसी 32, चुर्क 30.8, सुल्तानपुर 31.5, फुरसतगंज 31.4, फतेहगढ़ 32.1, झांसी 31, मुरादाबाद31.4, मेरठ31.2, आगरा 32.7 डिग्री बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा।

सम्पादकीय....

आरएसएस के प्रति कम होता समर्पण भाव

संभवतः यह पहला चुनाव था, जिसमें भाजपा आलाकमान ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी रणनीति तैयार करने तक में कहीं भी संघ से विचार विमर्श करना उचित नहीं समझा। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी बीजेपी लीडरशिप से मिलने के लिये अपनी तरफ से कोई पहल नहीं की।लोकसभा चुनाव में बीजेपी की उत्तर प्रदेश में जो फजीहत हुई है, उसका ठीकरा एक-दूसरे के सिर फोड़ने की राजनीति के चलते राज्य में बीजेपी नेताओं के बीच आपसी वैमनस्यता और गुटबाजी बढ़ती जा रही है। गुटबाजी का आलम यह है कि यह किसी एक स्तर पर नहीं ,नीचे से लेकर ऊपर तक तो दिखाई पड़ ही रही है, इसके अलावा इस्की तपिश से दिल्ली भी नहीं बच पाया है। बल्कि राजनीति के कई जानकार और पार्टी से जमीनी स्तर से जुड़े नेता और कार्यकर्ता भी इस बात से आहत हैं कि अबकी से टिकट वितरण में खूब मनमानी की गई, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। बात यहीं तक सीमित नहीं है सूत्र बताते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी टिकट बंटवारे के तौर-तरीको से आहत दिखाई दे रहा है। बस फर्क यह है कि यह लोग सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ नहीं बोल रहे हैं जिससे विपक्ष को हमलावर होने का मौका मिल जाये। लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटें जीतने का दावा करने वाली बीजेपी आधी सीटें भी नहीं जीत पाई। भाजपा की करारी हार के पीछे भले ही कई कारण गिनाए जा रहे हों, पर संघ से दूरी भी एक बड़ी वजह मानी जा रही है।

संजय त्रिपाठी
प्रबंध संपादक
नवयुग समाचार (दैनिक)

यह पहला चुनाव था, जिसमें भाजपा आलाकमान ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी रणनीति तैयार करने तक में कहीं भी संघ से विचार विमर्श करना उचित नहीं समझा। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी बीजेपी लीडरशिप से मिलने के लिये अपनी तरफ से कोई पहल नहीं की। आमतौर पर चुनाव में जमीनी प्रबंधन में सहयोग करने वाले संघ के स्वयंसेवक इस चुनाव में कहीं नहीं दिखे।

15 जून विश्व वृद्धजन दिवस पर विशेष

वृद्ध जन परिवार के बोझ नहीं वरन, आधार हैं

सुरेश सिंह
बैस शाश्वत

लो आ गया एक और वृद्धजन दिवस, हर वर्ष की तरह फिर परंपरागत रूप से समारोह और कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे और वृद्ध जनों को बुलाकर फूलों, मालाओं से लाद दिया जायेगा। उनके लिये बड़ी-बड़ी बातें एवं घोषणायें की जायेंगी। बस इसके बाद फिर वही ढर्रा चलता रहेगा लेकिन हकीकत में भारतीय समाज में कम से कम, यह तो देखा जा रहा है कि आम परिवारों में वृद्धों को वह सम्मान और सामान्य जीवन की सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं जो उन्हें मिलना चाहिये, वह उनका अधिकार भी हैं। अपनी वृद्धावस्था और अशक्तता के कारण वे इस अन्याय को चुपचाप बर्दाश्त करने को मजबूर जीये जा रहे हैं। इनके लिये आवाज उठाने वाली कोई संस्था वा व्यक्ति क्यों नहीं आगे आ रहे है? यह भी एक ताज्जुब का विषय हैं। आज साधारणतः संयुक्त परिवार बिखरते चले जा रहे हैं, आज की पीढ़ी जहां अपने पैरों में खड़ी होती हैं और विवाह होने के बाद मां बाप से अलग होने की फिराक में लगे रहते हैं, उनसे अगर कुछ मिलने की उम्मीद रहती हैं या वे कुछ अथोर्पार्जन में लगे हैं, तब तब उनकी पूछ परख ठीक तरह से होती हैं। लेकिन जब वे अपनी वृद्धावस्था या अशक्तता के कारण कार्य (अथोर्पार्जन) से रिटायर्ड हो जाते हैं। तभी से उनकी उपेक्षा घर में शुरू हो जाती हैं। आज सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों में तेजी से बदल रहे प्रतिमानों के कारण परिवार उतनी ही तेजी से विघटन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता वही पुरुषों का इगो जब टकराता है तो परिवारों को अस्थिर होने में जरा भी समय नहीं लगता। भारतीय परिवार की इस टूटन भरी त्रासदी के बीच वृद्ध अब दो पाटों में गेंहू के समान पीसे जाने को मजबूर हो गये हैं।

आज वृद्धजनों को अब वह सम्मानजनक स्थान नहीं मिल पा रहा जो उन्हें पहले मिलता था। वृद्धावस्था के मायने हैं शक्तिहीन, जर्जर काया और शिथिल मन। शायद इसी कारण प्राचीन शास्त्रों में कहा कारण गया था कि जब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर के बाल पक गये हैं पुत्र के भी पुत्र या पुत्री हो गये हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिये। क्योंकि वहीं वह अपने को मोक्ष प्राप्ति के लिये तैयार कर सकता है। आज के परिवेश में अब वह व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती। इसलिये मजबूरन वृद्धों ने अपने आप को पारिवारिक जीवन में ही खपा लिया है। इसीलिये अब शायद उनके सम्मान में कमी आ गयी हैं एकाकीपन, सामाजिक असुरक्षा उन्हें व्यथित कर रही हैं आज समूचा संसार वर्ष 2024 को विश्व वृद्धजन वर्ष के रुप में मना रहा हैं और उनकी संताने अर्थात युवाजनों द्वारा वृद्धों की उपेक्षा, मानसिक कष्ट दिये जाने की - घटनायें आम हो गई हैं। वृद्धजन जो उम्र भर बैल के समान परिवार की गाड़ी को अपने कंधों पर खींचता है। अपने संतानों को पाल पोसकर उसे शिक्षा दीक्षा देकर बड़ा करता है, और जब उसके थकेहारे उम्रदराज हो चुके शरीर को सहारे की आवश्यकता पड़ती है तो उनकी एहसान फरामोश संताने उन्हें अपना बोझ समझकर ठुकराने पर तुल उठती है। यही कारण है कि अब वृद्धों के लिये वृद्धावस्था अभिशाप बन गई हैं उनकी संताने ये क्यो भूल जाती हैं कि आज वे, जो वृद्ध हैं कभी वैसे अपना बचपन उन्ही के सहारे गुजारे हैं, अब जब वे अकेले और निशक्त हैं उन्हें जरुरत है सहारे की, वैसे भी वृद्धों को उचित सहारे देखभाल की आवश्यकता होती हैं। पर वर्तमान पीढ़ी परिवार के वृद्धों को बोझ मानकर उनके उचित देखभाल के दायित्व को नकार देती हैं। जिससे वृद्धों को कष्टकर जीवन बिताने के लिये विवश होना पड़ता हैं। आज का युवा वर्ग वृद्धों को पिछड़पने की निशानी समझती हैं। और उनकी तथा उनके समस्याओं को अनदेखा करती हैं। गरीब तथा ग्रामीण परिवेश के वृद्धों की हालत तो और भी खराब है। उन्हें तो दो जून की रोटी या सर छिपाने के लिये घर भी नसीब नहीं होता। उनके घरवाले उन्हें मार मारे फिरने तथा वृद्धाश्रमों में शरण लेने के लिये मजबूर कर देते हैं।

अब जरूरत है कि समाज परिवार तथा सरकार वृद्धों के कल्याण के लिये कुछ ठोस कदम उठाये। सभी का नैतिक दायित्व बनता है कि वृद्धजनों के प्रति स्वस्थ्य तथा सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। सरकार को भी चाहिये कि वृद्धों को सामाजिक सुरक्षा दिलाने की व्यवस्था बनायें। उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिये निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था की शुरूआत करनी चाहिये। सार्वजनिक यातायात में वृद्धों को छूट मिलनी चाहिये। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सुधार करना होगा एवं वृद्धों को समुचित पेंशन दी जानी चाहिये। उनके लिये आजीवन के लिये साधन भी उपलब्ध कराना होगा। यह सामाजिक संगठनों का उत्तरदायित्व हैं। आज की पीढ़ी अगर इसी तरह वृद्धों को अनादर, उपेक्षा और उनके जीवन में रोड़ा बिछायेंगें तो यह उन्हें अच्छी तरह से समझ लेना होगा कि आने वाले भविष्य के दिनों में वे स्वयं भी वृद्ध अवश्य ही होंगे। तब स्वयं उनकी संताने भी परंपरानुसार उनके ही पदचिन्हों पर ही चलेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं। तब क्या होगा...? अगर यह सब सोच लो तो वृद्धों की समस्या ही खत्म हो जायें।

कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान का उन्नाव दौरा

कैदियों व बंदियों के लिए इनडोर गेम की होगी व्यवस्था, जिम , कंप्यूटर क्लासेज के साथ-साथ शिक्षा से जोड़ने का किया जा रहा काम-दारा सिंह

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव। यूपी सरकार के कारागार मंत्री गुरुवार को उन्नाव दौरे पर रहे । मंत्री ने कहा कि यूपी की जेलों में जल्द कैदियों व बंदियों के लिए इनडोर गेम की व्यवस्था होगी । कैदी व बंदियों के लिए जिम , कंप्यूटर क्लासेज के साथ-साथ शिक्षा से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे उन्नाव जिला कारागार निरीक्षण करने पहुंचे। वहीं राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही, डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री भी मौजूद रहे । इस दौरान कारागार मंत्री को कारागार मुख्य गेट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है । डीएम उन्नाव गौरांग राठी व एसपी मीना के अलावा जेल अधीक्षक ने मंत्री को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। इस दौरान कारागार मंत्री ने अपने सहयोगी राज्यमंत्री व डीजी जेल के साथ 2 घंटे तक सघन निरीक्षण किया। जेल बैरिक, हॉस्पिटल समेत अन्य व्यवस्थाओ का सघन निरीक्षण किया । मंत्री ने कहा उन्नाव जिला कारागार की व्यवस्थाएं काफी संतोषजनक मिली है । वहीं मीडिया से बातचीत में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा जेल में जो कैदी हैं। हम उसके कस्टोडियन हैं। जेल में जो कैदी हैं, उनके नैतिक विकास करके इनको समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए काम किया जा रहा है । भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में खाने की क्वालिटी में बड़ा बदलाव किया गया है । बंदियों के रहन-सहन व साफ सफाई में बड़ा काम किया गया है ।मंत्री ने कहा कि कैदियों व बंदियों के लिए इनडोर गेम की व्यवस्था की जा रही है । हम लोग का उद्देश्य बंदियों के नैतिक विकास के साथ समाज की मुख्य विकास धारा से जोड़ने का है । जेल के भोजन के साथ ही रहन झ सहन की सुविधाओं में बड़ा सुधार है। जब बाहर जेल के जाएंगे तो समाज की मुख धारा से जुड़ करके अपने स्वरोजगार का काम भी करेंगे। अपने परिवार को चलाने में कामयाब होंगे, इसलिए पूरे सारे लोगों ने किसी के किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। सारे लोगों ने यहाँ की जेल अधीक्षक की भी तारीफ की है। मानवीय आधार पर पूरी तरीके से मानवता के साथ एक भाईचारा की भी होती है। उस तरीके से पेश भी होते हैं।

भाजपा की लोकसभा चुनाव में आए परिणाम को लेकर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि जीत और हार की समीक्षा की जा रही है । उसके बाद हम पार्टी में उस तरीके काम भी करेंगे, स्टेप भी उठाएंगे और जो भी चुनाव हो रहे हैं क्योंकि इस चुनाव से पूरी तरीके से भारतीय जनता पार्टी। और सतर्क हो गई है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि सभी सीटों पर उपचुनाव पर भाजपा जीतेगी।

15 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव। जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि 15 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तहसील सफीपुर उन्नाव में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करवाये

चार धाम की पैदल यात्रा कर सकुशल वापस लौटा- अजय

मल्लावां हरदोई

नवयुवक की दृढ़ निष्ठा ने तथा उसके माता-पिता के आशीर्वाद से देश की चार धाम यात्रा की प्रेरणा से पैदल यात्रा को पूरी तरह सफल करते हुए सकुशल घर वापस लौट आया। लौट आने की खुशी में जहां परिजन फूले नहीं समा रहे हैं वहीं गांव वाले भी काफी प्रसन्न दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार ग्राम सुमेरपुर मल्लावां के अजय सिंह ने 13 मार्च को चार धाम की पदयात्रा के लिए घर से निकले थे जो 94 वे दिन की संपूर्ण यात्रा पूरी करते हुए 14 तारीख को अपने घर वापस आ गए। चार धाम व मथुरा वृंदावन हरिद्वार मंशादेवी, ऋषिकेश, नीलकंठ , काशीविश्वनाथ, बड़ा केदार कालीमठ ,ओंकारेश्वर तुंगनाथ ,रुद्रनाथ यमुनोत्री, गंगोत्री, गौमुख ,केदारनाथ, बद्रीनाथ वा अन्य कई तीर्थ स्थल की पद यात्रा तथा अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा में पद यात्रा करके गए थे।

त्यौहार शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव ईदुज्जुहा (बकरीद) त्यौहार शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना की अध्यक्षता में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा, उप जिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, एडीएम(वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, समस्त गण, अन्य अधिकारी गण सहित विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संगठनों के संभ्रान्त लोग मौजूद रहे।

कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभागवार नगर विकास, वन, परिवहन, भूमि अध्यापित, राजस्व, खनन, कृषि, श्रम, मत्स्य, वाणिज्यकर, आबकारी, विद्युत आदि से गत वर्ष में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष किये गये कर संग्रह की विस्तृत जानकारी ली गयी। साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये कि प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कर संग्रह करना सुनिश्चित करें।

राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पाँच वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द करें, तथा वर्तमान में प्राप्त होने वाले वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि आय व जाति प्रमाण पत्रों की तहसील स्तर पर गहन समीक्षा की जाए, तथा अपात्र व्यक्तियों को ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र कदापि जारी न किया जाए। सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के लेखपाल व कानूनगो पर अंकुश लगाये, ताकि सभी राजस्व कार्य शासन की मंशा के अनुरूप किये जा सके। उन्होने कहा कि अविवादित वरासत व दाखिल-खारिज को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करें तथा जमीन का आवंटन पात्र व्यक्ति को ही किया जाए। लम्बित आईजीआरएस की शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होने कहा कि शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए ताकि एक ही समस्या को लेकर जन सामान्य को बार-बार शिकायत न करना पडे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील हसनगंज में की गयी गुड प्रैक्टिसेस जैसे चकबन्दी, आकार पत्र 41 एवं 45 का डिजिटाईजेशन तथा तालाब पट्टों से लगान वसूली एवं सड़क के किनारे की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने आदि की सराहना व्यक्त की। जानकारी के मुताबिक तहसील हसनगंज के सभी ग्रामों में अभियान चलाकर चकबन्दी आकार पत्र 41 एवं 45 को स्कैन कराकर डिजिटाईज कराया गया है। जिससे आगे से किसी भी प्रकार का हेरफेर नही हो सकेगा। विगत वर्षों में मत्स्य पालन हेतु हुए 558 पट्टों की जॉच करायी गयी जिसमें से 338 में प्रॉपर लगान जमा नही हो रहा था, तथा उन्हे नोटिस दी गयी और कुछ आवंटियों से 2.98 लाख रुपए ग्राम सभा के खाते में जमा कराये गये। इसके अलावा सड़क के किनारे की जमीन का अभिलेखो से मिलान कराया गया और अवैध कब्जे से भूमि को अवमुक्त कराकर संरक्षित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित समस्त उप जिलाधिकारी गण व तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इज़हार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।

मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कार्यों का किया जायेगा सोशल आडिट

18 जून से 20 जून तक गांव गांव जाकर किया जाएगा निरीक्षण

दिलीप सिंह नवयुग समाचार
अलीगंज। विकास खण्ड स्तर पर सोशल आडिट इण्टरकान्फ्रेन्स सभा के आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा कहा कि टीम गठित कर गांव-गांव जाकर कार्य का निरीक्षण किया जाए। सोशल आडिट निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्या-301 / सो०आ० नि०-3/464(11) / 23 6 जून 2024 में दिये गये निदेशों के क्रम में जिला विकास प्रवीण कुमार राय, बीडीओ गोपाल गोयल द्वारा अलीगंज ब्लॉक सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद एटा के विकास खण्ड अलीगंज, जैथरा एवं अवागढ़ की समस्त ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 (अक्टूबर से मार्च,2024 तक) में कराये गये मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत कार्यों का सोशल आडिट दिनांक 18 जून 2024 से 20 जून 2024 तक सम्पन्न कराया जायेगा।

हवन यज्ञ पूजन के बाद हुआ भंडारे का हुआ विशाल आयोजन

दोपहर से प्रारंभ होकर देर रात तक हुआ प्रसाद वितरण

संजय त्रिपाठी/नवयुग समाचार
बिल्हौर; श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में विगत एक सप्ताह से बिल्हौर नगर की पावन वसुंधरा पर चित्रकूट से पधारे स्वामी रामस्वरूपचार्य जी महाराज के द्वारा भक्तों को सुनाई गई श्री राम कथा के कल शाम को हुए विराम के पश्चात आज सुबह प्रातः कालीन बेला में श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा एवं बहुत से भक्तों के द्वारा विधिवत तरीके से हवन एवं पूजन किया गया। हवन पूजन के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया। सुबह हवन पूजन के पश्चात श्री बांके बिहारी सेवा समिति के द्वारा दोपहर में 12 बजे से भगवान के विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ किया गया। दोपहर से आरम्भ हुए और देर रात तक चले इस विशाल भंडारे में हजारों भक्तों के द्वारा भगवान के प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी और खीर का प्रसाद बड़े ही हर्ष और

उल्लास के साथ पाया गया। देर शाम भंडारे में अचानक से भीड़ उमड़ी लेकिन बांके बिहारी सेवा समिति के कर्मठ सदस्यों द्वारा प्रत्येक भक्त को उचित सम्मान के साथ बैठाकर उन सभी को प्रसाद वितरण कराया गया। प्रसाद वितरण में बांके बिहारी सेवा समिति की महिला मंडल ने भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और महिला भक्तों को स्वयं प्रासद वितरण कराया। बांके बिहारी सेवा समिति में जहां प्रमुख रूप से अखिलेश अग्निहोत्री , अजय कांत बाजपेई , अवधेश त्रिवेदी , कुलदीप तिवारी , अनिल शर्मा , अमित मिश्रा , संजय नेता , अमित शर्मा , विवेक सविता मितुल श्रीवास्तव आदि और बांके बिहारी महिला मंडल में अमिता त्रिवेदी , शोभना गुप्ता , प्रीति मिश्रा , पूनम त्रिवेदी , अर्चना त्रिपाठी , मधु अवस्थी आदि ने प्रसाद वितरण में मुख्य भूमिका निभाकर पांडाल में आए समस्त भक्तों को प्रसाद वितरण करवाया। श्री बांके बिहारी सेवा समिति ने आए हुए हुए सभी भक्तों का और कार्यक्रम में अपना सहयोग करने वाले समस्त दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन सभी को अगले वर्ष इससे भी अच्छे दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम के लिए अपनी बात कही है।

50000 के ईनामी फरार अभियुक्त को कैसरगंज स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

नवयुग समाचार
बहराइच पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम एंव अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के कुशल नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गौड़ के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज/स्वाट/सर्विलांस की टीम को मिली सफलता मु0अ0सं0 58/2024 धारा 363/376अइ/302/201 भ0द0वि0 व 5 ट/6 पॉक्सो एक्ट में फरार वांछित 50000 का ईनामी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। घटना का सक्षिंप्त विवरण- वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया कि वह दिनांक 21.02.2024 को बाजार गयी थी, दिन मे करीब 02.00 बजे बाजार से वापस लौटने पर उसकी 06 वर्षीय पुत्री घर पर नही मिलीं, जिसे गांव वालो के साथ ढुढ़ना शुरू किया किन्तु वह नही मिली, तो थाना पर

लिखित सूचना दी गयी, जिस-के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर अपराध संख्या- 58/2024 धारा 363 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत कर, विवेचना व अपहृता की तलाश प्रारम्भ की गयी । विवेचना व साक्ष्य संकलन के क्रम मे ज्ञात ह-ुआ कि वादिनी की 06 वर्षीय पुत्री राजेश उर्फ लाल के घ? पर आती जाती थी,जिसके आधार पर राजेश उर्फ लाला से गहन पूछताछ करनें पर उस-के द्वारा स्वीकार किया गया कि राजेश उर्फ लाला द्वारा दिनांक 21.02.2024 की शाम को वादिनी की 06 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर पास के स-रसो की खेत मे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके चिल्लाने पर उसका मुह दबाया और उसका गला दबाकर उसे मार दिया और उसके शव को उसी सरसों की खेत मे छोड़कर भाग गया तथा अपने भाई कल्लू वर्मा को पूरी घटना के बारे में बताया जिसके बाद राजेश उर्फ लाला व कल्लू वर्मा अंधेरा होने पर सरसों के खेत में गये और शव को उठाकर दोनों भाई एक साथ लगभग 700 मीटर दूर गन्ने के खेत में शव को छुपा कर वापस आये तथा दोनों भाइयों ने गाँव वालों के साथ मिलकर शव को खोजने का बहाना करने लगे जिससे गांव वालों का शक ना हो । पुलिस द्वारा राजेश उर्फ लाला के निशादेही पर गांव वालो के सहयोग से 06 वर्षीय अपहृता का शव को बरामद किया गया तथा अभियुक्त राजेश उर्फ लाला को गिरफ्तार कर किया गया तथा अभियुक्त माननीय न्यायालय रवाना किया गया। उक्त अभियोग में 06 वर्षीय बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करके हत्या करने के जघन्य अपराध एवं हृदय विदारक घटना में पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा उक्त अभियोग का माननीय न्यायालय से ऋब्ळव कोर्ट मे सुनवाई कर यथाशीघ्र निर्णय दिये जाने का विशेष अनुरोध किया गया था । जिसमें अभियुक्त राजेश उर्फ लाला पुत्र पृथ्वी निवासी सलहुवा थाना कैसरगंज जनपद बहराइच को मृत्युदण्ड की सजा सुनाई गयी थी। अभियुक्त कल्लू वर्मा पूर्व से शातिर/दुर्दान्त किस्म का अपराधी है व पूर्व में भी जेल जा चुका है, गिरफ्तारी के भ? से फरार हो गया। विवेचना क्रम में फरार अभियुक्त कल्लू वर्मा के विरुद्ध ठइह/82 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी है। अभियोग में 06 वर्षीय बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करके हत्या करने के जघन्य अपराध एवं हृदय विदा-रक घटना को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा गम्भीरता से लेते हुये फरार अभियुक्त कल्लू वर्मा के विरुद्ध ?25000 का पुरस्कार गिरफ्तारी हेतु घोषित किया गया एवं स्वाट/सर्विलांस टीम को जल्द से जल्द अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। जिसके उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन रेंज महोदय द्वारा फरार अभियुक्त कल्लू वर्मा पर ईनाम की राशि बढ़ाते हुये ?50000 घोषित किया गया। जिसके फलस्वरुप थाना कैसरगंज पुलिस टीम व स्वाट /सर्विलांस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से अभियुक्त की खोजबीन कर दिनांक 13.06.2024 को नत्थनपुर मोड़ (कैसरगंज) के पास से गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी एवं परेड का निरीक्षण किया गया

नवयुग समाचार
बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में श-ुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर परिसर की साफ-सफाई, बैरको व शौचालयो का निरीक्षण कर बेहतर स-ाफ सफाई व मुख्य स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डायल-112 की ढफ्र का रिस्पॉन्स टाइम कम करने

हेतु प्रभारी राम नरेश यादव को निर्देशित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में बेहतर साफ सफाई, गुणवत्तापूर्वक निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला प्रशिक्षण इकाई का निरीक्षण कर बेहतर साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया व जिला मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम किया गया, जिसमें सम्बंधित कर्मचारियों को दिए गए आवश्यक दिशा -निर्देश। इस दौरान प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती हर्षिता तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मोबाइल लूटने का प्रयास करने वाले 03 नफर अभियक्त गिरफ्तार

नवयुग समाचार
बहराइच पुलिस अधीक्षक, वृन्दा शुक्ला, द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व चोरी व लूट की घटनाओ की रोकथाम व चोरी की घटना कारित करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0 अशोक कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा कल दिनांक 12.06.2024 को समय 21.00 बजे एक व्यक्ति रणधीर प्रताप सिंह पुत्र राकेश प्रताप सिंह अपने फार्म हाऊस रंजीत बोझा मिंहीपुरवा में दूध लाने के लिए अपनी स्कूटी से जा रहे थे कि रास्ते में पचपकरी से मिहीपुरवा के बीच एक मोटर साईकिल पर सवार तीन युवक रणधीर सिंह उपरोक्त की स्कूटी को रोककर मोबाईल छीनने का प्रयास किये । रणधीर सिंह के शोर मचाने पर तीनो व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल टी0वी0एस0 रा-ईडर से भागने लगे । रंजीतबोझा चौराहे के आगे तमाम व्यक्ति खड़े थे जिनको देखकर ये लोग घबड़ाकर मोटर साईकिल फिसलने के कारण सड़क पर गिर पड़े । जिससे मोटर साईकिल चला रहे व्यक्ति संदीप नाई पुत्र जगत नरायन उर्फ मोल्हे नि0 गंगापुर मोहनापुर थाना रूपईडीहा बहराइच को जनता द्वारा पकड़ लिया गया मो0सा0 से गिरने के कारण शरीर पर कई जगह गंम्भीर चोटे आई । शेष दो अभियुक्त मौके से फरार हो गये । जिसके संबंध में थाना रूपईडीहा पर मु0अ0सं0 284/2024 धारा 393 भादवि पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में शेष भागे हुए अभियुक्तगण 01. मनीष वर्मा पुत्र बच्छराज वर्मा 02. विशाल वर्मा पुत्र कैलाश वर्मा नि0गण गंगापुर दा0 मोहनापुर थाना रूपईडीहा को आज दिनांक 13.06.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर नथुनिया तिराहे से समय 10.00 बजे गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त में आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण उपरोक्त को पेशी हेतु सदर न्यायालय बहराइच रवाना किया गया ।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वी जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई

विशाल शोभायात्रा निकालकर किया प्रतिमा का अनावरण

दिलीप सिंह नवयुग समाचार
अलीगंज। अलीगंज क्षेत्र में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति द्वारा 299वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा गई। वही शोभायात्रा निकाल कर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति द्वा-रा पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 299 वी जयन्ती समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

गया। इसी दौरान विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया जो शिव मंदिर जनता इण्टर कॉलेज धुमरी से प्रारम्भ होकर अलीगंज भ्रमण के उपरान्त नगला रेवती अलीगंज पहुँची तथा सभा उपरान्त मूर्ति का अनावरण सांसद मुकेश राजपूत और विधायक पुत्र जीतू राठौर द्वारा किया गया। कहा कि सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने सोमनाथ से काशी तक कई मंदिरों का जीर्णोद्धार करके ह्यसनातन धर्मह्न की अद्भुत सेवा की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और लोक कल्याण के कई उत्कृष्ट उदाहरण भी स्थापित किए। इस अवसर पर अतर सिंह पाल, किशोरीलाल पाल, बालकराम पाल, चन्द्रप्रकाश पाल एडवोकेट, रवीपाल सिंह अध्यक्ष, निर्दोष पाल कोषाध्यक्ष, ब्रज किशोर सचिव, अनिल कुमार संगठन मंत्री, श्रीपाल सिंह उपाध्यक्ष, बदन सिंह पाल महाकाल उपाध्यक्ष, बृजपाल सिंह भदुईया, आकाश पाल एवं समस्त पाल बघेल धनगर समाज मौजूद रहा।

तीसरी बार सांसद बनने पर क्षेत्र वासियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

अलीगंज क्षेत्र में प्रथम आगमन पर फूल मालाओं से स्वागत कर बाटी मिठाइयां

दिलीप सिंह नवयुग समाचार
अलीगंज। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में फरुर्खाबाद लोकसभा से तीसरी बार सांसद बनने पर क्षेत्र वासियों ने उनके स्वागत में पुष्प वर्षा कर हार्दिक स्वागत किया। विधानसभा अलीगंज क्षेत्र में फरुर्खाबाद लोकसभा से तीसरी बार हैट्रिक लगाने पर सांसद मुकेश राजपूत का पुष्प वर्षा कर हार्दिक स्वागत किया और लोगों ने खुशी जाहिर कर मिठाइयां बांटी। तीसरी बात सांसद बनने पर प्रथम बार अलीगंज क्षेत्र में आगमन पर लोगों ने सांसद जी का अभिनंदन किया। इसी क्रम में सराय, जैथरा, धुमरी, राजा का रामपुर और अमरोली रतनपुर में पुष्प वर्षा कर सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि बॉबी गुप्ता, रामविलास वर्मा, विधायक पुत्र सूरज राठोर, जीतू राठोर, निलेश राजपूत, प्रशांत राजपूत, ललित, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, महेश वर्मा प्रधान सहित अन्य क्षेत्र वासियों ने सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत किया।

गंगा दशहरा व ईदुल जुहा बकरीद के त्यौहारों को लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में डीएम-एसपी द्वारा कलेक्ट्रेट में संयुक्त रूप से आयोजित पीस कमेटी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

नवयुग समाचार

उरई(जालौन)।आगामी गंगा दशहरा व ईद उल अजुहा बकरीद का त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमे जनपद के धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया।

आगामी गंगा दशहरा व बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति- सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुबार्नी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुबार्नी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की संक्रमण फैलने न पाए। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुबार्नी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुबार्नी नहीं की जाएगी। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। इसके अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि नवाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर लूज व जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त चिकित्सा केंद्रो पर आवश्यक दावों की उपलब्धता व चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति के साथ ही साथ एंबुलेंस की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक सवेंदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहीं कोई अप्रिय घटना की सम्भावना हो तो हमारे सज्ञान में लाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जुबेर बेग, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित जनपद के धार्मिक गुरु, प्रबुद्धजन एवं संभ्रान्त नागरिक आदि मौजूद रहे।

रक्षक अकादमी कुठौंद के छात्रों ने आर्मी अग्नि वीर की परीक्षा पास की किया गया सम्मानित

नवयुग समाचार

कुठौंद जालौन, कस्बा कुठौंद के रक्षक अकादमी, बजाज एजेंसी के बगल में चल रही है जिसमें पढ़ाई करने वाले छात्र एवं छात्राओं ने आर्मी अग्नि वीर की परीक्षा पास की जिसमें प्रिया शाक्य, रविंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, अजीत यादव आदि को डायरेक्टर प्रिंस तिवारी के द्वारा फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया डायरेक्टर प्रिंस तिवारी ने बताया कि रक्षक अकादमी में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं ने कई परीक्षाएं पास की हैं रक्षक अकादमी में पढ़ाने वाले डायरेक्टर प्रिंस तिवारी, एम डी राधे तिवारी, अध्यापक अंकित तिवारी, अंकित राठौर, स्वदेश द्विवेदी, नरेंद्र यादव आदि की मेहनत से कई छात्र एवं छात्राओं ने कई परीक्षाएं पास की हैं जिससे रक्षक अकादमी का नाम रोशन हुआ है

विश्व रक्तदाता दिवस पर फीता काटकर किया शुभारम्भ

जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज में नागरिकों द्वारा किया स्वैच्छिक रक्तदान

नवयुग समाचार

उरई, जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा द्वारा संयुक्त रूप से जिला अस्पताल व राजकीय मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम विश्व रक्तदाता दिवस का फीता काटकर शुभारंभ किया।रक्तदान शिविर में राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्या, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशान्त निरंजन, विभागध्यक्ष एनीथीसिया डॉ सुनित सचान, नोडल ऑफिसर डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित 30 व जिला अस्पताल में 25 नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान आम जनमानस को यह संदेश दिया गया कि रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का अमूल जीवन आवश्यकता है। विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है, ह्लदान का जश्न मनाने के 20 साल धन्यवाद रक्तदाताओंह्व इस स्लोगन के साथ ही रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने व स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को समय-समय पर रक्तदान करने एवं रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाता है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा,सीएमएस डॉ अमित राज,डॉ अवनीश बनौधा,डॉ सी पी गुप्ता सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

उन्नाव जिले में रोपे जाएंगे 57 लाख पौधे

पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा व सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जाए-डीएम

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिला पौधरोपण समिति की बैठक में इस वित्तीय वर्ष में होने वाले पौधरोपण अभियान की समीक्षा की गई। बताया गया कि 57.01 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे।

डीएम गौरांग राठी ने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदवाकर सूचना, प्रभागीय निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा। प्रभागीय निदेशक आरुषि मिश्रा ने बताया कि सभी कार्यदायी विभागों की गड्ढा खोदाई की रिपोर्ट के आधार पर विभाग पौधे उपलब्ध कराएगा। जानकारी दी गई कि इस बार विभाग शक्ति, खाद्य, वेटलैंड संरक्षण, बाल, युवा, वरिष्ठ नागरिक वन आदि की स्थापना करने जा रहे हैं। इसके लिए स्थल चयन आदि का काम पूरा कर लिया गया है।

वहीं, डीएम ने ग्राम्य व नगर विकास के साथ माध्यमिक शिक्षा, पर्यावरण आदि को निर्देश दिए कि वन विभाग की तरह वे भी अपने यहां के रोपण स्थलों में छोटे-छोटे पैच का चयन कर इस प्रकार के वनों की स्थापना करें। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि पौधरोपण के बाद उनकी सुरक्षा व सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रभागीय निदेशक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अथवा समूह स्वेच्छा से पौधरोपण जन अभियान में जुड़ना चाहते हैं तो वह 7007432516 पर संपर्क कर अपने सुझाव व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

शनि देव शांति धाम पर श्रीमद् भागवत महापुराण का हुआ विशाल भंडारा

नवयुग समाचार

कुठौंद जालौन, विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत हरसिंहपुर मदारीपुर के श्री शनिदेव शांति धाम में दिनांक 7 जून दिन शुक्रबार से गणेश पूजन के साथ भव्य शोभा यात्रा निकालकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ चल रहे कार्यक्रम में श्रीमद् महापुराण के कथावाचक पंडित श्री अवधेश कुमार दीक्षित कानपुर देहात के मुखारविंद से 7 दिन प्रभु श्री राम के चरित्रों का गुणगान किया गया इस विशाल कार्यक्रम के आयोजक श्री श्री 1008 संत शिरोमणि श्री भरत मुनि महाराज महंत इच्छा पूर्ण सरकार सिरसा कलार के पावन सानिध्य में इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम के आयोजक श्री भरत मुनि महाराज ने बताया की श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन हवन एवं विशाल भंडारा आज दिनांक 14 जून को हो रहा है इस विशाल कार्यक्रम में अपना सहयोग देने वाले भक्त समस्त ग्राम वासी व क्षेत्रवासी,

अवैध कार्य व अपराधियों पर रहेगी पैनी नजर- योगेंद्र पटेल

नवयुग समाचार

माधौगण,जालौन। 14 जून। तहसील क्षेत्र के थाना रामपुरा में थानाध्यक्ष के स्थानांतरित होने पर उनकी जगह पर आए थानाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल ने चार्ज ग्रहण करते हुए बताया कि उनकी सेवा की शुरूआत पीएसी बल से हुई वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी थी। वहीं पूर्व में डकोर,गोहन, कोटरा, कैलिया,रेंढर थानों में थानाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी रही। जनपद जालौन के पूर्व सुलतानपुर हरदोई आदि जनपदों में भी सेवा रही है। ग्रह जनपद फतेहपुर बताया एक सवाल के जबाव में उन्होने बताया कि वह अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे उनके घर जेल भेजेगे किसी भी नागरिक को कोई परेशानी हो वह बताए समस्या का समाधान होगा अवैध परिवहन अवैध खनन जुआ सट्टा शराब नहीं हो दिया जाएगा सभी नागरिक शांति व्यवस्था कायम रखें ऐसा कोई काम न करें जिससे कि किसी को कोई दिक्कत नहीं हो।

कानपुर में बकरीद को भी सकुशल संपन्न करायेगी पुलिस कमिश्नर अखिल की नेतृत्व कुशलता

- थानों में जारी पीस कमेटी की बैठकों का दौर
- लोकसभा चुनाव के साथ ही अब तक के सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सफल रही है पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की परिश्रम पूर्ण कर्तव्य निष्ठा
- सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- सकुशल बकरीद के लिए कमिश्नर के नेतृत्व में तैयारियां पूरी

नवयुग समाचार सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां लोकसभा चुनाव के साथ ही बीते सभी त्योहारों को भी सौहार्द और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सफल बेहद जुझारू वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की अगुवाई वाली कमिश्नरेट पुलिस ने बकरीद के आगामी त्यौहार को भी पूर्ण शांति और सद्भाव के साथ संपन्न कराने के लिए अपनी कमर कस ली है। यही नहीं इसके लिए उसने इस बारे में जिस तरह की तगड़ी तैयारियां की है , उसके मुताबिक बीते हर त्योहार की तरह बकरीद का त्यौहार भी पूर्ण शांति और सद्भाव के साथ ही संपन्न होकर रहेगा। इसके लिए थानों में भी पीस कमेटियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। जिसमें ईद उल अजहा यानी बकरीद के त्यौहार को भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील के साथ ही योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली यूपी सरकार की उस आदेश निर्देश और मंशा से भी अवगत कराया जा रहा है ,जिसके तहत नमाज सड़कों पर कदापि नहीं पढ़ी जाएगी। और जो भी ऐसा करेगा। उसके खिलाफ तत्काल ही कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

अवगत कराते चलें कि प्रदेश के इस अति संवेदन शील जिले में ईद बकरीद समेत लगभग सभी त्योहारों को तरीके से संपन्न करा लेना शुरू से ही पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। यह भी सच है कि बकरीद जैसे किसी भी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा ले जाना तभी संभव होता है ,जब उसके लिए हर तरह से मजबूत तैयारियां की गई हों।

इसी क्रम में जहां तक 17 जून को होने वाले बकरीद इस त्यौहार को शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने का सवाल है। इसके लिए देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में गिने जाने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने लगभग सारी तैयारियां कर ली हैं। वह इस बारे में अपने मातहतों को आवश्यक आदेश निर्देश भी लगातार दे रहे हैं।

इस बारे में सूत्रों का दावा यह भी है कि ट्रैफिक समस्या के खिलाफ मिली अभूतपूर्व सफलता के साथ ही हर घटना के सटीक अनावरण और हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के रूप में जनता को भारी राहत पहुंचाने के फलस्वरूप कानपुर में कमिश्नरी के गठन को अपनी कठोर परिश्रम वाली नेतृत्व कुशलता से सार्थक करने में भी सफल बेहद जुझारू तेवरों वाले अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के तेज तर्रार और व्यवहार कुशल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने योगी सरकार की मंशा के अनुरूप जिस तरह की तगड़ी तैयारियां की हैं ,उसके फलस्वरूप बीते हर त्योहार की तरह बकरीद के त्यौहार को भी पूर्ण शांति और सदभाव के साथ संपन्न होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।

जनसेवा केन्द्र में काम करने वाले युवक के साथ लूट करने वाला वांछित अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
दैनिक आज का अपराध

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा वांछित लुटेरे को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 11.05.2024 को वादी मो0 सलीम पुत्र रसूल बक्श नि0 ग्राम पेसारी थाना आसीवन जनपद उन्नाव द्वारा थाना आसीवन पर तहरीरी सूचना दी गई कि मेरा पुत्र मो0 फाईम जो कि जनसेवा केन्द्र नंगाखेड़ा चौराहा में काम करता है, दिनांक 10.05.2024 को जनसेवा केन्द्र से वापस अपने घर आ रहा था तभी टिकाना मोड़ पर मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल को दो स्पलेन्डर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोककर उससे बैग छीनने लगे तथा विरोध करने पर उसके पैर पर फायर किया तथा मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल व बैग जिसमें रुपए, लैपटाप, फिंगर मशीन आदि थी, लेकर चले गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आसीवन पर मु0अ0सं0 119/24 धारा 394 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया था ।घटना का अनावरण करते हुए दिनांक 16.05.2024 को अभियुक्तगण 1. आकाश कुमार वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष 2. विपिन वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा निवासी जयनगरा थाना शिवरतन गंज जिला अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष 3. सुमित उर्फ शीबू पुत्र इन्द्रपाल निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद कर जेल भेजा जा चुका है तथा एक बाल अपचारी को बाल सुधार ग्रह भेजा गया है। आज दिनांक 14.06.2024 को मुकदमा उपरोक्त में शेष वांछित अभियुक्त आदर्श शाहू पुत्र राधेश्याम शाहू निवासी बेलीकलां थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद कर पेशारी माइनर के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त को उसके जुर्म धारा 394/411/120बी क्द्धउ व 3/25 आर्म्स एक्ट से अवगत कराकर गिरफ्तार करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।